दैनिक जागरण 25/07/25

# जीएमएन कालेज में बच्चों को पढ़ाया अनुशासन का पाठ



जीएमएन कालेज में ओरिएंटेशन कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी व स्टाफ • सौजन्य विज्ञप्ति

अंबाला • (विज्ञप्ति) : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज अंबाला कैंट में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए तीन दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को कालेज की शैक्षणिक संरचना, नियमावली एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों से परिचित कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त की ओर से दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा, अनुशासन एवं समग्र विकास के प्रति सजग रहने का संदेश दिया और कालेज जीवन के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के प्रथम दिन विज्ञान, वाणिज्य एवं कला संकाय के विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के विशेषज्ञों द्वारा प्रस्तुति दी गई। इस दौरान विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डा. एसके पांडेय, वाणिज्य संकाय के विभागाध्यक्ष राम मूर्ति, कला संकाय के विभागाध्यक्ष डा. एसएस नैन, परीक्षा नियंत्रक डा. सुरेंद्र, मेंटोर-मेंटी योजना से डा. अनुराधा, इंटर्नशिप-प्लेसमेंट इंचार्ज कमलप्रीत, शैक्षणिक कैलेंडर डा. शिखा, एनसीसी गर्ल्स विंग की इंचार्ज डा. तृप्ति आदि मौजूद रहे।